# ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025


**[स्रोत: पी.आई.बी].**

## चर्चा में क्यों?


[राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)] ने अपनी वार्षिक **ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025** रिपोर्ट जारी की है, जिसमें विभिन्न ऊर्जा स्रोतों में **ऊर्जा भंडार, क्षमता, उत्पादन और खपत** पर महत्त्वपूर्ण डेटा प्रदान किया गया है।

## ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025 रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **ऊर्जा आपूर्ति और खपत के रुझान:** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की **कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (TPES) में वर्ष 2023-24 में 7.8%** की वृद्धि हुई। **TPES** किसी देश की कुल उपलब्ध ऊर्जा है, जिसमें घरेलू उत्पादन और आयात, निर्यातित ऊर्जा (घटाया हुआ) और अंतर्राष्ट्रीय परिवहन उपयोग शामिल है।
    - **प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत 14,682 मेगाजूल (MJ) (वर्ष 2014-15)** से बढ़कर **18,410 MJ (वर्ष 2023-24)** हो गई, जिसकी **[CAGR (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर)] 2.55%** है, जो कुशल ऊर्जा पहुँच और उन्नत जीवन स्तर का संकेत है।
    - **औद्योगिक क्षेत्र** भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, जिसकी मांग वर्ष 2014-15 में 2.42 लाख KToE से बढ़कर **वर्ष 2023-24 में 3.12 लाख KToE** हो गई है।




- **नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि:** भारत की **[नवीकरणीय ऊर्जा] क्षमता** लगभग **21 लाख मेगावाट** है, जिसमें **पवन ऊर्जा (55%)** का सर्वाधिक योगदान है और इसके बाद **सौर तथा व्यापक जल विद्युत परियोजनाएँ** हैं।
    - भारत की **संस्थापित नवीकरणीय विद्युत क्षमता** वर्ष 2015 में 81,000 मेगावाट थी जो **वर्ष 2024** में बढ़कर **लगभग 2 लाख मेगावाट** हो गई, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा से **विद्युत उत्पादन** 2 लाख गीगावाट घंटा (वर्ष 2014-15) से बढ़कर **3.7 लाख गीगावाट घंटा (वर्ष 2023-24)** हो गया।




- **राज्यवार नवीकरणीय ऊर्जा सांख्यिकी:**
  - **राजस्थान (20.3%), महाराष्ट्र (11.8%), गुजरात (10.5%), और कर्नाटक (9.8%) की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 50%** से अधिक हिस्सेदारी है।

## भारत ऊर्जा की बढ़ती मांग की पूर्ति हेतु क्या उपाय कर रहा है?

**पढ़ने के लिये यहाँ क्लिक कीजिये:** [अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भारत के उपाय]

## सतत् ऊर्जा संक्रमण हेतु भारत की प्रमुख पहलें कौन-सी हैं?

- [राष्ट्रीय सौर मिशन]
- [राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन]
- [FAME योजना]
- [प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना]
- [ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECBC)]
- [SEEA 2012 रूपरेखा]

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ???????????:

**प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन-सा सरकार की एक योजना 'उदय'(UDAY) का उद्देश्य है? (2016)**

(a) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में स्टार्टअप उद्यमियों को तकनीकी और वत्तिीय सहायता प्रदान करना।
(b) वर्ष 2018 तक देश के हर घर में वद्युित पहुँचाना।
(c) कोयला आधारति वद्युित संयंत्रों को समय के साथ प्राकृतकि गैस, परमाणु, सौर, पवन और ज्वारीय वद्युित संयंत्रों से बदलना।
(d) वद्युित वतिरण कंपनयिों के बदलाव और पुनरुद्धार के लयि वत्ति प्रदान करना।

**उत्तर: (d)**

---

### ??????:

**प्रश्न. परंपरागत ऊर्जा की कठनिाईयों को कम करने के लयि भारत की 'हरति ऊर्जा पट्टी' पर एक लेख लखियि। (2013)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/energy-statistics-india-2025